C. 30017/02/2020- समन्वय

भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

कमरा नं -229 -सी , शास्त्री भवन , नई दिल्ली-110115

दिनांक:26 अक्टूबर, 2020

विषय : राष्ट्रीय एकता दिवस के सम्बन्ध में।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को उपर्युक्त विषय पर माननीय शिक्षा मंत्री के निजी सचिव से प्राप्त दिनांक 22.10.2020 के टिप्पण जिसके साथ माननीय गृह मंत्री जी से प्राप्त दिनाक 18.10.2020 का अ. शा. पत्र सलंग्न है जोकि दिनांक 31.10.2020 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में कोविड-19 के दिशा निर्देशों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में है।

2. सभी ब्यूरो से अनुरोध है कि उक्त पत्र को अपने ब्यूरो सम्बंधित सभी संस्थानों को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित कर दें।

संलग्नक : यथोपरि

(सुजीत कुमार)
अवर सचिव (समन्वय)
I/C 713

1. अपर सचिव (टी.ई.)
2. संयुक्त सचिव(ए.)
3. संयुक्त सचिव (एच.ई)
4. संयुक्त सचिव (मैनेजमेंट / एल.)
5. संयुक्त सचिव (पी. /आई.सी.सी.)
6. संयुक्त सचिव(सी.यू./ आई आई एस ई आर)
7. ए. डी. जी. (एच.ई)

प्रति समान कार्रवाई हेतु प्रेषित: अवर सचिव (ई.ई.) - स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

एफ.टी.एस./डिस्पेच 775719 शिक्षा मंत्री
दिनांक/Dated 22/10/2020

Action

## शिक्षा मंत्री का कार्यालय

दिनांक 18 अक्टूबर, 2020 का संलग्न स्वतः स्पष्ट पत्र श्री अमित शाह, माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार से प्राप्त हुआ है, जो कि दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती के दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में कोविड–19 के दिशा–निर्देशों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में है।

प्रस्तुत पत्र संलग्नकों सहित नियमानुसार उचित कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

(बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम)
शिक्षा मंत्री के निजी सचिव

AS(TE)
JS (Admn)
JS(IC)

सचिव (एच.ई.)

सचिव(एस.ई. एण्ड एल)

Pl inform all institutions / AICTE / CIIL, etc.

22/X

Dir (IITs / IIITs)
Dir (TE) n.a. please

JS(IIT, IIIT)

23/X

SO(TS.I)

Scanned copy sent to all IITs for n.a. Original may be returned/send to CDN/TC for n.a. pl.

अमित शाह
AMIT SHAH

गृह मंत्री
भारत
HOME MINISTER
INDIA

सत्यमेव जयते

शिक्षा मंत्रालय/Min. of Education
21 OCT 2020

अ.शा.प.सं. आई-19034/01/2020-एनआई-II
दिनाँक 18 अक्टूबर, 2020

श्री रमेश पोखरियाल जी,

सर्वविदित है कि पिछले 6 वर्षों से प्रत्येक वर्ष **31 अक्टूबर** का यह पावन दिवस न केवल राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के रूप में बल्कि **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में भी पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हम सभी देशवासियों के लिए भारत की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूत करने एवं अक्षुण्ण बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का यह एक उत्तम अवसर है।

जैसा कि आप जानते हैं पिछले कुछ महीनों से पूरा विश्व कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है और अभी तक इसके निदान हेतु कोई उपयुक्त उपचार नहीं मिल पाया है। हमारा देश एकजुटता के साथ इस वैश्विक महामारी का मुकाबला कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन तथा इस हेतु उनके द्वारा दिए गए मंत्रों **'दो गज की दूरी, मास्क जरूरी'** और **'जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं'** के कारण आज भारत विश्व में कोविड-19 की लड़ाई में सबसे आगे है। भारत में कोविड-19 की मृत्यु दर सबसे कम और स्वास्थ्य लाभ दर विश्व में सबसे अधिक है। यह सब हम लोगों में व्याप्त एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव एवं सहयोग तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो पाया है।

इस परिप्रेक्ष्य में, यह भी आवश्यक होगा कि हम राष्ट्रीय एकता दिवस को पूरी सतर्कता बरतते हुए उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं। इसलिए यह उचित होगा कि कोविड-19 महामारी के प्रसार के मद्देनजर, इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पूर्व वर्षों की भाँति "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन न किया जाये बल्कि प्रौद्योगिकी एवं अभिनव साधनों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता दिवस के उद्देश्य को जन-जन तक पहुँचाया जाये। हमें आशा है कि हम कोविड पर जल्द ही विजय प्राप्त कर लेंगे और अगले वर्ष पुन: "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन करेंगे।

लगातार......2/-

शिक्षा मंत्रालय/Min. of Education
FTS No. 775389
21 OCT 2020
के. र. अनुभाग/C. R. Section

Office : Ministry of Home Affairs, North Block, New Delhi-110001
Tel. : 23092462, 23094686, Fax : 23094221
E-mail : hm@nic.in

31 अक्टूबर, 2020 को राज्य पुलिस बल और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की भागीदारी से स्टेच्यु ऑफ यूनिटी, केवडिया, गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी इस परेड की सलामी लेंगे और सरदार पटेल की प्रतिमा की पद-पूजा के साथ देशवासियों की ओर से उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे।

मेरा आपसे अनुरोध है कि तदनुसार **31 अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रीय एकता दिवस** पूर्ण उत्साह, उमंग एवं कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अतर्गत मनाने के बारे में आप अपने प्रशासन को निम्नलिखित कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य समुचित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उचित निर्देश दें और उनका मार्गदर्शन करें :-

(i) राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम; राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ का पाठ सलंग्न है।

(ii) एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर, 2020 की शाम में मार्च-पास्ट का आयोजन।

राष्ट्र प्रगति के पथ पर आगे बढता रहे और सभी देशवासी स्वस्थ एवं सुखी रहें, इसी आशा के साथ मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं।

**सादर !**

आपका,

**(अमित शाह)**

**श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक',**
शिक्षा मंत्री,
भारत सरकार,
3, 'सी' विंग, तृतीय तल, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली – 110 115

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

## RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.